ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः L.N.M.U.-122/26 दिनांक : 29.10.2026

सेवा में,

1. प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य,
   सभी अंगीभूत, संबद्ध एवं राजकीय डिग्री महाविद्यालय,
   ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. संबंधित अध्यक्षगण,
   ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, क्षेत्रान्तर्गत, दरभंगा।

विषयः- चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्का) सत्र 2026-30 (सी०बी०सी०एस०) में पंजीयन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में निर्देशानुसार सूचित करना है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी अंगीभूत/संबद्ध एवं राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र 2026-30 में नामांकित अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल (lnmu.samarth.edu.in) पर ऑनलाईन (On-line) के माध्यम से *600/-* (छः सौ) *रुपय* भुगतान कर *दिनांक 30.10.2026 से 18.11.2026 तक* पंजीयन करना सुनिश्चित करेंगे।

पंजीयन के उपरांत अभ्यर्थी पोर्टल से पंजीयन पत्र (Registration Letter) एवं शुल्क भुगतान रसीद का प्रिंट निकालकर, कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) की प्रति के साथ, पंजीयन के अगले कार्य दिवस तक अपने महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। इसकी एक प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

पंजीयन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

त्रुटि सुधारः-

अभ्यर्थी पोर्टल पर स्वयं कोई परिवर्तन अथवा त्रुटि सुधार नहीं कर सकेंगे, वे केवल अपने विषयों का चयन करेंगे। विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थी लिखित आवेदन एवं संबंधित साक्ष्य/प्रमाणपत्र के साथ (पंजीयन के अगले कार्य दिवस में) अपने महाविद्यालय में जमा करेंगे। महाविद्यालय स्तर से भी मेजर (Major) विषय एवं कोटि (Category) में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाय। अन्य त्रुटियों का सुधार वश्वविद्यालय आवेदन एवं साक्ष्य की जाँच के बाद ही अपने डेक्स-बोर्ड पर करेंगे। बिना साक्ष्य के कोई सुधार नहीं किया जाना चाहिये।

महाविद्यालय द्वदारा जाँच एवं सुधारः-

महाविद्यालय में अभ्यर्थियों के कागजात एवं आवेदन प्रति दिन प्राप्त होंगे, अतः प्रधानाचार्य उसकी जाँच एवं त्रुटि सुधार का कार्य भी प्रतिदिन (Day-to-Day) करना सुनिश्चित करेंगे। जाँच के क्रम में प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थी द्दारा अपलोड किए गये दस्तावेज सही हों, चयनित Minor एवं MDC विषय महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों में से हों, MDC विषय Major एवं Minor से भिन्न हो तथा कुल क्रेडिट 20 हो। महाविद्यालय स्तर पर जाँच एवं त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि *दिनांक-22.11.2026* है।

29/10/26